# चौ0 चरणसिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

## ई–निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या : वित्त/.....626 दिनाँक : 19/1/2023

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर स्थित पुरानी कैन्टीन में छात्रों की आवश्यताओं के दृष्टिगत कतिपय संसोधन कर कैफेटेरिया एवं सर छोटूराम इंस्टीटयूट स्थित कैन्टीन को किराये पर दिया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण कर सकते हैं तथा ई–निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.ccsuniversity.ac.in तथा http://etender.up.nic.inसे प्राप्त कर सकते हैं। ई–निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि 07.02.2023 को अपरान्ह 2.00 बजे तक है। इसी दिन स्वेच्छा से उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष तकनीकी बिड निविदा समिति द्वारा समिति कक्ष में खोली जायेगी। वित्तीय बिड की सूचना तकनीकी बिड खोलते समय दी जायेगी।

वित्त अधिकारी

# चौ० चरणसिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

## विश्वविद्यालय परिसर में पुरानी कैन्टीन भवन में कैफेटेरिया तथा सर छोटूराम इंस्टीटयूट ऑफ इंजी० एण्ड टैक्नोलॉजी में स्थित कैन्टीन को किराये पर दिये जाने के सम्बन्ध में ई-निविदा तकनीकी बिड प्रपत्र।

| | |
|---|---|
| पत्रांक सं० | : वित्त/ 626 |
| दिनांक | : 19/1/2023 |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | : रू० 1000/ |
| 5 प्रतिशत जी०एस०टी० | : रू० 50/- |
| कुल योग | : रू० 1050/- |

वित्त अधिकारी

सेवा में,

वित्त अधिकारी
चौ० चरण सिह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

महोदय,

विश्वविद्यालय परिसर स्थित पुरानी कैन्टीन में छात्रों की आवश्यताओं के दृष्टिगत कतिपय संसोधन कर कैफेटेरिया एवं सर छोटूराम इंस्टीटयूट स्थित कैन्टीन को किराये पर दिया जाना है। उपयुर्क्त विषयक निर्गत ई-निविदा सूचना संख्या-वित्त/......... दिनॉक .............................. का सन्दर्भ ग्रहण करें। विश्वविद्यालय की निविदा प्रपत्र में उल्लिखित शर्ते मैंने/हमने भली-भॉति पढ़ी है एवं उनके अनुसार मैंने/हमने समस्त अभिलेख/पत्राजात तकनीकी बिड में अपलोड किये हैं। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शर्ते हमें स्वीकार्य हैं।

(हस्ताक्षर निविदादाता)
फर्म का नाम एवं पूर्ण पता मोहर सहित

## सामान्य विवरण

1. फर्म / ठेकेदार का नाम...........................................................................................................

2. फर्म / ठेकेदार का पूर्ण पता (डाक का पता) ..............................................................................................

...........................................................................................................................

3. दूरभाष नं0...........................................................................................................................

4. मोबाईल नं0 ........................................................................................................................

5. ई–मेल का पताः ....................................................................................................................

6. G.S.T.पंजीकरण संख्याः ........................................................................................................

7. आयकर पंजीकरण संख्या (पैन संख्या) / टैन संख्या ...........................................................................

8. यू0टी0आर0 संख्या एवं दिनांक ......................................................................................................

**Bank Name: Indian Bank, Meerut University Branch, Meerut.**
**A/c. No. : 50488321629 (e-Tender C.C.S.University, Meerut)**
**IFS Code No.: IDIB000M690.**

(हस्ताक्षर निविदादाता)
फर्म का नाम एवं पूर्ण पता मोहर सहित

## घोषणा

मैं / हम कथन करते हैं कि उपरोक्त सभी कथन मेरे / हमारे संज्ञान में पूर्णतः सत्य हैं। किसी भी सूचना के असत्य / भ्रामक होने की स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा हमारी फर्म के विरुद्ध लिये गये निर्णय को स्वीकार करेगे तथा उसके विरुद्ध किसी प्रकार की अपील नहीं करेगें।

(हस्ताक्षर निविदादाता)
फर्म का नाम एवं पूर्ण पता मोहर सहित

# कैन्टीन हेतु नियम व शर्ते:–

1. निविदादाता को किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी संस्था में कैन्टीन/कैफेटेरिया/मैस चलाने का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है।
2. निविदादाताका पिछले तीन वर्षो का औसत टर्नओवर रू. 10 लाख (सी ए द्वारा प्रमाणित) होना अनिवार्य है।
3. कैफेटेरिया के लिये धरोहर धनराशि रू0 1,00,000/– तथा सर छोटूराम स्थित इंस्टीटयूट स्थित कैन्टीन के लिये रू0 2,00,000/–विश्वविद्यालय के खाते में जमा कराना अनिवार्य है, जिसका साक्ष्य यू0टी0आर0 संख्या बिड में अपलोड किया जायेगा।
4. कैफेटेरिया के लिये बेस किराया प्रतिमाह रू 8,000/–(जी0 एस0 टी0 अतिरिक्त)तथा सर छोटूराम स्थित इंस्टीटयूट स्थित कैन्टीन के लिये बेस किराया प्रतिमाह रू0 20,000/–(जी0 एस0 टी0 अतिरिक्त) होगा। फर्म का चयन अधिकतम किराये के आधार पर होगा।
5. ईधन के रूप में कार्मिशियल गैस का प्रयोग करना होगा।
6. सफल निविदादाता द्वारा जमा की गयी उक्त धनराशि को धरोहर राशि के रूप में जमा माना जायेगा जिसकी समयावधि निविदा समाप्ति तक रहेगी।
7. फर्म द्वारा PAN/TAN/GST की प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8. निविदा के साथ सुसंगत कार्य क्षेत्र में कार्य–व्यापार का अनुभव प्रमाण पत्र तथा वैध लाइसेन्स (खाद्य विभाग–FSSAI) द्वारा प्रदत्त फूड लाइसेन्स (जो बिड पब्लिश की तिथि से पूर्व का हो) की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। अन्यथा बिड निरस्त कर दी जायेगी।
9. सफल निविदादाता को रू0 100/– के स्टॉम्प पेपर पर निविदा के सभी नियम व शर्तो का पालन करने का अनुबन्ध करना होगा।
10. केन्द्र सरकार तथा उ0प्र0 के किसी विभाग द्वारा ब्लैक लिस्टेड/डिबार निविदादाता को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने हेतु अनुमति नहीं है। अतः निविदादाता द्वारा इस आश्य का Non-Black listing/Affidavit संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा बिड निरस्त कर दी जायेगी।
11. सफल निविदादाता को कार्य किसी अन्य फर्म को हस्तान्तरित करने तथा कैन्टीन/कैफेटेरिया का क्षेत्र या कोई हिस्सा किसी अन्य को देने की अनुमति नहीं होगी।
12. निविदादाता को बिल्डिंग विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। अनुबन्ध अवधि के दौरान इसके रख–रखाव की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी तथा कोई टूट–फूट होने पर मरम्मत का कार्य निविदादाता द्वारा किया जायेगा।
13. अन्य उपकरण यथा वाटर–कूलर, कूलर, फ्रिज, अलमारी, बारदाना, फर्नीचर, अग्नि शमन यन्त्र आदि की व्यवस्था निविदादाता को स्वयं करनी होगी।
14. कैश काउंटर के समीप सभी भोजन/सामग्री का मूल्य दर सहित चार्ट प्रदर्शित होना अनिवार्य है।
15. खाद्य सामग्री/वस्तु आदि की quality/quantity की जिम्मेदारी फर्म की होगी।
16. निविदादाता का प्रस्ताव स्वीकार करने के उपरान्त भी कोई अभिलेख गलत पाये जाने की स्थिति में उसकी निविदा निरस्त कर दी जायेगी। सशर्त निविदायें किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जायेगी।

17. बिजली आपूर्ति विश्वविद्यालय द्वारा सबमीटर के माध्यम से उपलब्ध करायी जायेगी। जिस पर आने वाले व्ययभार का भुगतान विश्वविद्यालय को उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन की दर पर निविदादाता द्वारा करना होगा।
18. सभी बर्तन, बारदाना आदि की व्यवस्था निविदादाता को अपने स्तर से करनी होगी।
19. खाद्य सामग्रियों निर्माण में उपयोग किये जाने वाले सभी रॉ–मैटेरियल्स, उच्चकोटि की होनी चाहिए। यदि खाने की क्वालिटी खराब होने की शिकायत प्राप्त होती है तो विश्वविद्यालय द्वारा कार्यवाही की जायेगी जो फर्म को मान्य होगी।
20. निविदादाता द्वारा सर्व किये जाने वाले भोजन की जांच विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति के द्वारा कभी भी की जा सकती है।
21. सेवाप्रदाता के सभी कर्मचारी 18 वर्ष से ऊपर के होने चाहिए। सभी कर्मचारी स्वस्थ होने चाहिए। सभी कर्मचारी उच्च श्रेणी के आचार–व्यवहार वाले होने चाहिए। उनके द्वारा नशीले पदार्थो का सेवन/किसी अवॉछनीय गतिविधियों में संलिप्तता दण्डनीय होगी। प्रत्येक कर्मचारी के गले में हर समय लटकाने वाला पहचान पत्र होना चाहिए। इस पहचान पत्र पर सेवाप्रदाता की फर्म का नाम, कर्मचारी का फोटो, कर्मचारी का नाम, कर्मचारी का पदनाम, सेवाप्रदाता फर्म के प्रोपराइटर का नाम एवं मोबाइल नम्बर बड़े अक्षरों में हिन्दी में छपा होगा। पहचान पत्र बनाने के लिए अलग से कोई भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा नहीं किया जायेगा।
22. विश्वविद्यालय द्वारा खाना बनाने हेतु निर्धारित स्थान एवं उसके आस–पास के स्थान को स्वच्छ रखने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सफल निविदादाता की होगी। निविदादाता को साफ–सफाई में उपयोग किये जाने वाले रसायन/फिनाइल इत्यादि की व्यवस्था स्वयं करने होगी।
23. निविदादाता विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किये गये स्थान के अतिरिक्त अतिक्रमण नहीं करेगा। ऐसा पाया जाता है तो प्रतिदिन (शिकायत वाले दिन से) रू. 1,000/– की दर से अर्थदण्ड रोपित किया जायेगा।
24. कैन्टीन एवं कैफेटेरिया का बेस किराया विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति के माध्यम से निश्चित कर दिया गया है। निश्चित की गयी दर से कम दर पर विचार नही किया जायेगा। विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति द्वारा प्रतिवर्ष किराये में वृद्वि पर विचार किया जायेगा।
25. अधिकतम किराया quote करने वाली फर्म को चयनित किया जायेगा। किन्तु बढे किराये के एवज में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्वि नहीं की जायेगी। खाद्य वस्तुओं की कीमतें बाजार दर के अनुसार होगी।
26. निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह निविदा में भाग लेने से पहले स्थल का निरीक्षण कर व्यवसाय का आकलन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय व्यवसाय में लाभ–हानि की कोई गारंटी नहीं लेगा।
27. एक निविदादाता को कैफेटेरिया अथवा कैन्टीन में एक ही आवटिंत की जायेगी तथा निविदादाता के सगे–सम्बन्धी (ब्लड रिलेटिव) को भी अन्य कैफेटेरिया अथवा कैन्टीन आवटिंत नहीं की जायेगी। इस हेतु वेन्डर को एक शपथ पत्र देना होगा।
28. विश्वविद्यालय किसी भी स्टाफ/छात्र के बिल के भुगतान/उधार के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

29. असावधानीवश कोई दुर्घटना घटने के कारण होने वाले घायल/मृत्यु के लिए चयनित फर्म जिम्मेदार होगी। किसी भी दशा में विश्वविद्यालय इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

30. यदि निविदादाता अनुबन्ध अवधि से पूर्व कैफेटेरिया/कैन्टीन छोड़ना चाहता है तो उसे तीन महीने पहले नोटिस देना होगा।

31. निविदादाता फर्म को अनुबन्ध समाप्त होने पर विश्वविद्यालय की समस्त देयताओं को निस्तारित करना होगा।

32. निविदा की वैद्यता अवधि अनुबन्ध पत्र निष्पादित होने की तिथि से एक वर्ष तक मान्य है। संतोषजनक सेवा होने पर विश्वविद्यालय द्वारा अनुबन्ध अवधि विस्तारित की जा सकती है। किन्तु किसी विषम परिस्थितियों में वैधता तिथि से पूर्व अथवा बाद में कभी भी नयी निविदायें आमंत्रित की जा सकती हैं, इस पर किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। इस विषय में मा0 कुलपति जी का निर्णय अन्तिम व मान्य होगा।

33. किसी विवाद की स्थिति में विश्वविद्यालय के कुलपति का निर्णय सर्वोपरि होगा एवं निविदादाता फर्म को मान्य होगा। किसी विधिक विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र, मेरठ होगा।

उपरोक्त शर्तें हमें मान्य हैं।

**निविदा के साथ वांछित प्रपत्रों एवं संलग्नकों का विवरण : –**

1.
2.
3.
4.

**(हस्ताक्षर निविदादाता)**
**फर्म का नाम एवं पूर्ण पता मोहर सहित**

# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

## विश्वविद्यालय परिसर में पुरानी कैन्टीन भवन में कैफेटेरिया तथा सर छोटूराम इंस्टीटयूट ऑफ इंजी0 एण्ड टैक्नोलॉजी में कैन्टीन को किराये पर दिये जाने के सम्बन्ध में ई–निविदा वित्तीय बिड प्रपत्र।

| | |
|---|---|
| पत्रांक सं0 | : वित्त/ 626 |
| दिनांक | : 19/1/2023 |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | : रू0 1000/ |
| 5 प्रतिशत जी0एस0टी0 | : रू0 50/– |
| कुल योग | : रू0 1050/– |

वित्त अधिकारी

सेवा में,

वित्त अधिकारी
चौ0 चरण सिह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

महोदय,

विश्वविद्यालय परिसर स्थित पुरानी कैन्टीन में छात्रों की आवश्यताओं के दृष्टिगत कतिपय संसोधन कर कैफेटेरिया एवं सर छोटूराम इंस्टीटयूट स्थित कैन्टीन को किराये पर दिया जाना है। उपयुर्क्त विषयक निर्गत ई–निविदा सूचना संख्या–वित्त/........ दिनॉक ............................ का सन्दर्भ ग्रहण करें। उपरोक्त हेतु तकनीकी बिड में निर्धारित निविदा शर्तो का पालन करने हेतु हम पूर्णतः वचनवद्ध हैं। ई–निविदा प्रपत्र मूल्य तथा धरोहर राशि हमने जमा कर दी है तथा अपनी दरें निम्न विवरणानुसार विश्वविद्यालय को प्रेषित कर रहे हैं।

(हस्ताक्षर निविदादाता)
फर्म का नाम एवं पूर्ण पता मोहर सहित

# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

## वित्तीय बिड प्रपत्र

ई–निविदा संख्याः वित्त/............ दिनांक ......................

| क्रम संख्या | विवरण | प्रतिमाह बेस किराया मूल्य (जी0 एस0 टी0 अतिरिक्त ) | प्रतिमाह किराया (जी0 एस0 टी0 अतिरिक्त ) |
|---|---|---|---|
| 1 | पुरानी कैन्टीन भवन में कैफेटेरिया | रू0 8000/– (जी0एस0टी0 अतिरिक्त) | |
| 2 | सर छोटूराम इंस्टीटयूट ऑफ इंजी0 एण्ड टैक्नोलॉजी में कैन्टीन | रू0 20,000/– (जी0एस0टी0 अतिरिक्त) | |

(हस्ताक्षर निविदादाता)

फर्म का नाम एवं पूर्ण पता मोहर सहित